NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-138, पृष्ठ : 12 | सोमवार, 24 नवंबर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

पाकिस्तानी सेना पर दो सुसाइड अटैक

हेडक्वार्टर में घुसे हमलावर, 3 कमांडो को मारा

इस्लामाबाद। पेशावर के सदर इलाके में सोमवार सुबह अज्ञात बंदूकधारियों ने फ्रंटियर कांस्टेबुलरी (एफसी) मुख्यालय पर एक बड़ा हमला किया। इस धमाके के बाद इलाके में दहशत फैल गई। इस आत्मघाती हमले में 3 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई है। पेशावर के सीसीपीओ मियां सईद के अनुसार, हमला सुबह करीब 8 बजे दो शक्तिशाली विस्फोटों के साथ शुरू हुआ, जिसके बाद भीषण गोलीबारी हुई। विस्फोट इतने तेज थे कि आस-पास की इमारतों की खिड़कियां टूट गईं। पुलिस और एफसी के जवान तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और हमलावरों से मुठभेड़ शुरू हो गई। हालात बिगड़ते देख अधिकारियों ने सदर रोड पर यातायात भी बंद कर दिया।

हमला सुबह करीब 8 बजे सद्दार-कोहत सड़क पर हुआ। पहले एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को मुख्यालय के गेट पर ही उड़ा लिया। इसके बाद कुछ फायरिंग की आवाजें भी सुनी गईं। इस दौरान एक और हमलावर मुख्यालय में घुसने की कोशिश करने लगा। हालांकि, उसे सुरक्षाबलों ने मार गिराया। इसके बाद सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया और राहत-बचाव अभियान शुरू किया। इस बीच पेशावर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल लेडी रीडिंग हॉस्पिटल में आपातकाल घोषित कर दिया गया। अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा कि छह घायलों को को लाया गया है, जिनकी हालत स्थिर है।

बताया गया है कि जिस संघीय पुलिस दल पर हमला हुआ है, उसे नागरिक अर्धसैनिक बल है, जिसे पहले फ्रंटियर कॉन्स्टेबुलरी कहा जाता था। इसी साल जुलाई में शहबाज शरीफ की सरकार ने इसका नाम फेडरल कॉन्स्टेबुलरी रखा था। पेशावर में जिस जगह पर इसका मुख्यालय है, वह जगह काफी भीड़भाड़ वाले इलाके में है। साथ ही सैन्य छावनी भी यहां से काफी नजदीक है।

नए युद्धपोत आईएनएस माहे का जलावतरण

नौसेना को मिला 'मौन शिकारी', थल सेना प्रमुख बने गवाह

मुंबई। भारतीय नौसेना ने सोमवार को आईएनएस माहे का जलावतरण किया, जो माहे-क्लास की पहला पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जलयान (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) है, जिससे इसकी लड़ाकू ताकत बढ़ने की उम्मीद है। पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन की तरफ से आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने की है। माहे का जलावतरण स्वदेशी उथले पानी के लड़ाकू विमानों की एक नई पीढ़ी के आगमन का प्रतीक है- आकर्षक, तेज और पूरी तरह से भारतीय।

देश के 53वें सीजेआई बने जस्टिस सूर्यकांत

नई दिल्ली। जस्टिस सूर्यकांत ने सोमवार को देश के 53 वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में हुए समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने वहां मौजूद बहन और बड़े भाई के पैर छुए। इस कार्यक्रम में उनके परिवार के लोग शामिल हुए।

शपथ के बाद उखक सूर्यकांत ने पीएम मोदी समेत अन्य लोगों से मुलाकात की। वे पूर्व सीजेआई बीआर गवई से गले मिले। इस समारोह में ब्राजील समेत सात देशों के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज भी राष्ट्रपति भवन पहुंचे।

भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में पहली बार किसी उखक के शपथ ग्रहण में इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय न्यायिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी रही। समारोह में भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरिशस, नेपाल और

श्रीलंका के मुख्य न्यायाधीश और उनके परिवार के सदस्य भी पहुंचे।

इस दौरान पूर्व सीजेआई गवई ने एक नई मिसाल कायम की। शपथ ग्रहण समारोह के बाद उन्होंने अपनी आधिकारिक गाड़ी राष्ट्रपति भवन में ही अपने उत्तराधिकारी जस्टिस सूर्य कांत के लिए छोड़ दी।

दिल्ली में गलत रनवे पर उतरा प्लेन

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा टल गया। यहां अफगानिस्तान का एक विमान उड़ान भरने वाले रनवे पर उतर गया। गनीमत रही कि इस रनवे पर कोई दूसरा विमान नहीं था।

घटना रविवार की है, लेकिन सोमवार सुबह मीडिया में आई। अफगानिस्तान की एरियाना एयरलाइंस की यह फ्लाइट काबूल से आ रहा था। सूत्रों के मुताबिक, विमान को रनवे 29 लेफ्ट पर लैंडिंग की अनुमति दी गई थी, लेकिन पायलट ने गलती से इसे रनवे 29 राइट पर उतार दिया। यह रनवे आमतौर पर टेकऑफ के लिए इस्तेमाल होता है।

दिल्ली एयरपोर्ट के अधिकारियों ने विमान के गलत रनवे पर उतरने की घटना को 'मिरेकल एस्केप' बताया है। यानी, जब बहुत बड़ा हादसा होने की संभावना हो, लेकिन किसी संयोग या किस्मत से वह टल जाए।



प्रदूषण के प्रदर्शन में लहराए हिडमा के पोस्टर

दिल्ली में प्रदर्शनकारियों ने लाल सलाम जैसे नारे लगाए; 18 नवंबर को मारा गया देश का मोस्ट वांटेड नक्सली

नई दिल्ली। दिल्ली में इंडिया गेट पर रविवार देर शाम वायु प्रदूषण के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल लोगों ने देश के मोस्ट वांटेड नक्सली कमांडर माड़वी हिड़मा (44) के पोस्टर लहराए। पोस्टरों में हिड़मा की तुलना आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा से की गई। हिड़मा को जल, जंगल और जमीन का रखवाया बताया गया।

प्रदर्शनकारियों ने माड़वी हिड़मा अमर रहे जैसे नारे लगाए। उन्होंने पोस्टरों पर भी माड़वी हिड़मा को लाल सलामह जैसे नारे लिखे थे। एक प्रदर्शनकारी के पोस्टर पर लिखा था बिरसा मुंडा से लेकर माड़वी हिड़मा तक, हमारे जंगलों और पर्यावरण का संघर्ष जारी रहेगा।

प्रदर्शन के दौरान भीड़ की पुलिस से हाथापाई भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर मिर्च स्प्रे कर दिया, जिससे तीन-चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को पुलिसकर्मियों पर मिर्च स्प्रे फेंकने और सड़क जाम करने के आरोप में 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ एफआईआर रदर्ज की गई है।

बता दें कि नक्सली हिड़मा एक करोड़ का इनामी नक्सली था। सुरक्षाबलों ने 18 नवंबर को आंध्र प्रदेश के एलूरी सीताराम राजू जिले में हिड़मा को एनकाउंटर में मार गिराया था। वह ढाई दशक से छत्तीसगढ़ के बस्तर में एक्टिव था। वह 26 बड़े हमलों का मास्टरमाइंड था।

डिप्टी कमिश्नर बोले- प्रदर्शनकारियों ने पहली बार मिर्च स्प्रे किया

दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, रविवार को प्रदर्शनकारी सी-हेक्सागॉन के पास इकट्ठा हुए थे। उनके प्रदर्शन से एम्बुलेंस और मेडिकल कर्मियों को वहां से गुजरने में दिक्कत आ रही थी। पुलिस ने उन्हें हटाने की कोशिश की तो स्थिति हाथापाई में बदल गई। कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर काली मिर्च स्प्रे छिड़क दिया। नई दिल्ली के डिप्टी कमिश्नर देवेश कुमार महला ने बताया कि पहली बार प्रदर्शनकारियों ने यातायात और कानून-व्यवस्था संभाल रहे अधिकारियों पर मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल किया। घायल पुलिसकर्मियों क आरएमएल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

अमेरिका का वीजा नहीं मिला तो महिला डॉक्टर ने किया सुसाइड

हैदराबाद। हैदराबाद में रहने वाली महिला डॉ. रोहिणी (38) ने अमेरिका का वीजा नहीं मिलने पर सुसाइड कर लिया। उसकी लाश फ्लैट से बरामद हुई। पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें वीजा नहीं मिलने के कारण डिप्रेशन होने और इसी वजह से सुसाइड करने की बात लिखी हुई है।

चिलकलगुडा थाना पुलिस ने बताया कि घटना 21 नवंबर की रात की है। रोहिणी ने या तो नींद की गोलियां की ओवरडोज की थी या किसी तरह का इंजेक्शन लिया था। मौत की असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगी। मामले की जांच दूसरे एंगल से भी की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि रोहिणी आंध्र प्रदेश के गुंटूर की रहने वाली थी। हैदराबाद में पदमा नगर में फ्लैट लेकर रहती थी। 22 नवंबर की सुबह रोहिणी की मेड फ्लैट पर पहुंची थी। उसने दरवाजा खटखटाया, लेकिन रोहिणी ने दरवाजा नहीं खोला।

काफी देर वो दरवाजा खुलने का प्रयास करती रही। कॉल भी किए लेकिन रोहिणी ने रिसीव नहीं किए। परेशान होकर मेड ने रोहिणी के परिवार वालों को इसकी जानकारी दी थी। इसके बाद हैदराबाद में रहने वाले रोहिणी के परिवार का शख्स फ्लैट पहुंचा। उसने दरवाजा तोड़ा। अंदर रोहिणी का शव था।

अमेरिकी से मेडिसिन की पढ़ाई करना चाहती थी रोहिणी

रोहिणी की मां लक्ष्मी ने बताया कि बेटी ने 2005 से 2010 के बीच किर्गिस्तान में टइइर किया था। इंटरनल मेडिसिन की पढ़ाई के लिए अमेरिका जाना चाहती थी। इसलिए वो लगातार अमेरिका के वीजा के लिए प्रयास कर रही थी। लक्ष्मी ने कहा कि करिअर के कारण रोहिणी ने शादी भी नहीं की थी। वीजा के काम के चलते वो गुंटूर से आकर हैदराबाद में रहने लगी थी। यहां पर कई लाइब्रेरी भी हैं। उसके यहां रहने की एक वजह यह भी थी। रोहिणी की मां ने कहा कि बार-बार अमेरिकी वीजा रिजेक्ट होने से रोहिणी परेशान रहने लगी थी। उसे डिप्रेशन भी होने लगा था। उसका मन मेडिसिन की पढ़ाई करने के बाद अमेरिका में ही काम करने का था।

मंत्री पंकजा मुंडे का पीए अनंत गर्जे हुआ गिफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार में पर्यावरण मंत्री पकंजा मुंडे के पीए अनंत गर्जे की पत्नी ने आत्महत्या कर ली है। मिली जानकारी के मुताबिक यह घटना 22 नवंबर की रात को हुई जिसके बाद मृतका के परिजनों ने अनंत गर्जे के ऊपर कुछ गंभीर आरोप लगाए। आपको बदा दें कि अनंत गर्जे की पत्नी डॉक्टर गौरी पालवे ने वर्ली में स्थित अपने घर पर फांसी लगाकर अपनी जिंदगी को खत्म कर लिया। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया और आज अनंत गर्जे को गिरफ्तार कर लिया है

पाकिस्तान ने राजनाथ के बयान को बताया भडकाऊ

नई दिल्ली। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि कौन जानता है, कल सिंध भारत में वापस आ जाए। अब उनके इस बयान से पाकिस्तान बौखला गया है। आइए जानते हैं कि पाकिस्तान ने क्या कहा है।

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पाकिस्तान पर बड़ा हमला बोला था। राजनाथ सिंह ने कहा था कि बॉर्डर कभी भी बदल सकते हैं और सिंध फिर से भारत में आ सकता है। अब उनके इस बयान के बाद से पाकिस्तान में दहशत का माहौल है। पाकिस्तान ने राजनाथ सिंह के बयान को संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया है और कहा है कि इस तरह के बयानों से क्षेत्रीय शांति खतरे में पड़ सकती है।

पाकिस्तान ने राजनाथ सिंह के इस बयान पर जवाब देते हुए 'हिन्दुत्व' का रोना रोने लगा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि, ऐसे बयान विस्तारवादी हिंदुत्व सोच को उजागर करते हैं जो स्थापित सच्चाइयों को चुनौती देना चाहती है और अंतर्राष्ट्रीय कानून, मान्यता प्राप्त सीमाओं की अखंडता और राज्यों की संप्रभुता का स्पष्ट उल्लंघन करती है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि, हम राजनाथ सिंह और दूसरे भारतीय नेताओं से गुजारिश करते हैं कि वे भड़काऊ बयानबाजी से बचें जिससे इलाके की शांति और स्थिरता को खतरा हो।

भागवत-योगी की मुलाकात से सनातनी चेतना के एजेंडे को रफ्तार

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रविवार को दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम के मंच पर मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों के बीच हुई गुफ्तगू और फिर भाषणों में सनातन व हिंदुत्व के जिक्र ने सनातनी चेतना के एजेंडे की भावी दिशा का संकेत दे दिया। भागवत से गुफ्तगू के बाद योगी ने घुसपैठ से लेकर धर्मांतरण पर तीखा निशाना साधा।

इन सबके पीछे छिपे चेहरों को न सिर्फ चेताया बल्कि ललकारा। इन मुद्दों पर सरकार की रीति-नीति में किसी नरमी की संभावनाओं को नकार दिया। उनके तेवर बताते हैं कि यह मुलाकात सनातनी चेतना के एजेंडे को रफ्तार देगी।

सीएम ने घुसपैठियों को वापस उनके देश भेजने और प्रदेश के हर जिले में अस्थायी डिटेंशन सेंटर बनाने का भी एलान कर दिया। योगी ऐसे सभी एजेंडों पर अधिक मुखरता से बात रख रहे हैं और नरमी के मूड में नहीं दिख रहे हैं। ये वही मुद्दे हैं, जिन पर संघ भी सक्रियता से काम कर रहा है। इसलिए माना जा रहा है कि संघ प्रमुख से सीएम योगी की यह मुलाकात आने वाले समय में इन्हीं एजेंडों को प्रमुखता से आगे बढ़ाएगी।

माना जा रहा है कि राममंदिर पर पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों होने वाले ध्वजारोहण से करीब 48 घंटे पहले राजधानी में संघ प्रमुख से सीएम की मुलाकात में इन एजेंडों पर चर्चा जरूर हुई है। गीता के ज्ञान के सहारे योगी ने साफ कर दिया कि उनकी सरकार सांस्कृतिक पुनर्जागरण के उस एजेंडे पर गंभीरता से काम करने का संकल्प ले चुकी है जिसका उल्लेख पीएम मोदी ने अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा में किया था। मोदी ने आज से करीब 22 माह पहले जो कुछ कहा था उसकी तैयारी का संकेत आज योगी के भाषण में दिखा।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
www.nnindianews.com
सोमवार, 24 नवंबर, 2025

नशे में युवक ने गोदाम में लगाई आग, दमकल ने पाया काबू

एनएनआई

फिरोजाबाद। राजा का ताल चौकी क्षेत्र के अलीनगर कैंजरा में एक फल गोदाम में आग लग गई। यह घटना रात में हुई जब एक नशे में धुत युवक ने जलती बीड़ी गत्तों के ढेर पर फेंक दी। राहगीर की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार, राजा का ताल निवासी इस्लाम के फल गोदाम में बड़ी संख्या में खाली गत्ते रखे थे। एक शराबी युवक ने बीड़ी पीकर उसे लापरवाही से गत्तों के ढेर पर फेंक दिया। सुलगती बीड़ी से गत्तों में आग लग गई और वह तेजी से फैलने लगी। धुआँ उठता देख एक राहगीर ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। इस घटना में गोदाम में रखे सभी खाली गत्ते जलकर राख हो गए, लेकिन समय रहते आग बुझने से संपत्ति का बड़ा नुकसान होने से बच गया। आग लगाने वाले युवक को नशे की हालत में पाया गया, जिसे पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह ने बताया कि युवक सर्दी से बचने के लिए बीड़ी पी रहा था और नशे की हालत में उसने जलती बीड़ी गत्तों पर फेंक दी, जिससे आग लग गई। उन्होंने पुष्टि की कि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया था। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

एक्सप्रेस वे पर पलटी बस

50 सवारियां घायल, नोएडा से लखनऊ जा रही थी गाड़ी

एनएनआई

मथुरा। थाना बलदेव क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे पर रविवार देर रात डेढ़ बजे बड़ा सड़क हादसा हो गया। एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 127 पर नोएडा आगरा मार्ग पर यात्रियों से भरी एक बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद चीखपुकार मच गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से 50 घायल यात्रियों को अस्पताल भेजा, जहां तीन की हालत गंभीर बनी हुई है।

नोएडा से लखनऊ जा रही एक निजी बस

55 से 60 सवारियां लेकर नोएडा से लखनऊ जा रही एक निजी बस रविवार देर रात डेढ़ बजे थाना बलदेव क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेसवे पर माइलस्टोन 127 पर नोएडा आगरा मार्ग अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 50 से अधिक यात्री घायल हो गए। वहीं तीन यात्री बस में ही फंस गए। चीखपुकार सुनकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को बाहर निकाला और उनको जिला अस्पताल भेजा। वहीं आठ घायल आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज भी भेजे गए हैं।

19 यात्रियों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती

कुछ यात्रियों को प्राथमिक उपचार देकर रवाना कर दिया गया। 19 घायल यात्रियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि तीन गंभीर को एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। यात्रियों ने बताया कि हादसे से 10 मिनट पहले ही बस के चालक बदले गए थे। दोनों हंसी-मजाक कर रहे थे। इसी के कारण हादसा हो गया।

बांकेबिहारी पर भारी भीड़ से हर दिन बिगड़ रहे हालात

तीन महिलाएं बेहोश, बिना दर्शन के लौटे कई श्रद्धालु

एनएनआई

मथुरा। बांकेबिहारी मंदिर में रविवार को भीड़ के दबाव से श्रद्धालुओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ गया। अधिक भीड़ के कारण सभी व्यवस्थाएं ध्वस्त नजर आईं। महिलाओं, बच्चों व बुजुर्ग श्रद्धालुओं की चीख निकलती रही। मंदिर के अंदर व बाहर गलियों में भीड़ श्रद्धालुओं की मुश्किल बढ़ाती रही। तमाम श्रद्धालु बिना दर्शन किए ही वापस लौट गए।

बांकेबिहारी मंदिर के पट खुलने से पहले ही रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो गई। जैसे ही मंदिर के पट खुले तो श्रद्धालु अंदर दर्शन करने पहुंच गए। कुछ देर में ही मंदिर के अंदर ठहराव ने हालात बिगाड़ दिए। जगमोहन में प्रवेश बंद किए जाने से आंगन में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो गई। इससे धक्कामुक्की के हालात बन गए। सुरक्षा गार्डों को भी भीड़ व्यवस्थित करने में खासा पसीना बहाना पड़ गया। श्रद्धालुओं को दर्शन कर जाने को कहा गया।

वहीं भीड़ अधिक होने के कारण लोगों को रास्तों में बनाए गए बैरिकेडिंग पर श्रद्धालुओं को रोका जाने लगा। ऐसे में यहां भी भीड़ का दबाव बढ़ गया। श्रद्धालु परेशान होने लगे। जैसे ही बैरिकेडिंग खोली जाती, श्रद्धालु दौड़कर मंदिर की ओर जाने लगते। इस तरह के दिनभर हालात बने रहे। भीड़ के दबाव में महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग श्रद्धालुओं की चीख निकलती रही। अनेक श्रद्धालु बिना दर्शन के ही लौट गए। दोपहर में मंदिर के पट बंद होने के बाद शाम को पुनः खुले तो इसी तरह के हालात बनते रहे।

बांके बिहारी मंदिर में रविवार को भीड़ के दबाव के कारण तीन महिलाएं बेहोश हो गईं। कई श्रद्धालुओं को भी खासी परेशानी हुई। हरियाणा के रैवाड़ी जिले के पाड़ला गांव की 56 वर्षीय पूनम देवी रविवार सुबह साढ़े दस बजे गली नंबर एक की लाइन में लगी थीं। भीड़ के दबाव में अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़ीं।

भीड़ इतनी अधिक थी तुरंत सहायता पहुंचाना मुश्किल हो गया। किसी तरह सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें 12 बजे अस्पताल पहुंचाया। दिल्ली की 75 वर्षीय पूनम शेट्टी करीब 11 बजे बीपी लो होने के कारण अचेत होने लगी। स्वजन उन्हें जिला संयुक्त चिकित्सालय लाए। नोएडा की 62 वर्षीय रितु की भी भीड़ के दबाव में तबीयत खराब हो गई।

सीएमएस डा. वंदना अग्रवाल ने बताया कि तीनों महिलाओं को हाइपरटेंशन, कमजोरी व अत्यधिक भीड़ से उत्पन्न तनाव के कारण समस्या हुई। सभी का उपचार कर स्थिर हालत में घर भेज दिया गया।

फिरोजाबाद में कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

फिरोजाबाद। सर्विस रोड पर रविवार रात एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

यह दुर्घटना देर रात हुई। 55 वर्षीय मृतक टूंडला सर्विस रोड हाईवे रीजेंसी की ओर से फिरोजाबाद की तरफ जा रहा था। गुलाब वाटिका के सामने पहुंचते ही सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल बाइक सवार को ट्रामा सेंटर भिजवाया। पुलिस ने मृतक की पहचान छपैटी थाना दक्षिण फिरोजाबाद निवासी अजय कुमार गुप्ता के रूप में की है।

इंस्पेक्टर अंजीश कुमार ने बताया कि दुर्घटना में बाइक सवार की मृत्यु हो गई है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक की जानकारी जुटा रही है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

धर्मांतरण की सूचना पर हंगामा, महिला सहित 8 लोग पकड़े

एनएनआई

आगरा। थाना जगदीशपुरा की आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर सात में एक मकान में धर्मांतरण की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं ने हंगामा किया। जानकारी पर थाने की फोर्स पहुंच गई। कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि प्रलोभन देकर लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए विवश किया जा रहा है। पुलिस ने दंपती सहित 8 लोगों को पकड़ लिया। पुलिस सभी को थाने ले गई। वहीं घर से धार्मिक पुस्तकें मिली हैं। पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच में धर्म परिवर्तन कराने की पुष्टि नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बजरंग दल पदाधिकारी सुनील पाराशर, करन गर्ग, दिग्विजय नाथ तिवारी ने बताया कि एक महिला ने जानकारी दी थी कि सेक्टर 4 पुलिस चौकी के पास विश्वनाथ सिंह चौहान की कोठी में कुछ लोग धर्म परिवर्तन कराते हैं। प्रत्येक रविवार को धर्म सभा का आयोजन किया जाता है। इसमें लोग आते हैं। उनको लालच दिया जाता है।

इस पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी घर में पहुंच गए।घर की पहली मंजिल पर जब पहुंचे तो धार्मिक किताबें रखी हुई थीं। लोगों से प्रार्थना करवाई जा रही थी। इस पर हंगामा होने लगा। सूचना पर थाना जगदीशपुरा की फोर्स के साथ एसीपी लोहामंडी गौरव सिंह पहुंच गए। उन्होंने घर में जांच की। घर में एक किश्चियन दंपती रह रहे थे। उनके पास लोग आया करते थे। पुलिस ने दंपती के साथ 4 अन्य लोग और दंपती के 2 रिश्तेदारों को थाने ले जाकर पूछताछ की। कार्यकर्ता करन गर्ग ने बताया कि काफी समय से क्षेत्र में कुछ लोग घर घर जाकर प्रचार कर रहे हैं। लोगों को धर्म सभा में आने के लिए कहा जा रहा है। एसीपी गौरव सिंह ने बताया कि घर में ईसाई धर्म सभा चल रही थी। धर्मांतरण का आरोप लगाया गया। मगर प्राथमिक जांच में फिलहाल ऐसी कोई बात सामने नहीं आई है। दंपती ने बताया कि वह ईसाई हैं। उनके पास धर्म के लोग मिलने के लिए आते हैं। वहीं चार लोग आवास विकास के ही थे। इनमें दो लोग हिंदू थे। वहीं दो दंपती के भाई और बहन थे। उनसे पूछताछ की गई। मामले में जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

दंत चिकित्सक ने की आत्महत्या

युवती और उसके घरवालों ने किया परेशान, सुसाइड नोट में बयां किया दर्द

एनएनआई

आगरा। थाना कमला नगर के एफ-ब्लॉक में शनिवार रात 32 वर्षीय दंत चिकित्सक पीयूष सिंह ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें गोरखपुर की एक युवती और उसके परिजनों को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया है। परिजनों का कहना है कि युवती के साथ पीयूष रिलेशनशिप में थे। इसकी जानकारी मिलने पर युवती के परिजन ने धमकाना शुरू कर दिया। महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 पर झूठी शिकायत कर दी। पुलिस के फोन आने के बाद वह अवसाद में चले गए। पुलिस का कहना है कि डॉ. पीयूष ने बेहोशी का इंजेक्शन लगाया था। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

एफ-ब्लॉक कमला नगर निवासी 75 वर्षीय महिपाल सिंह बिजली विभाग से जूनियर इंजीनियर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि बेटे ने कानपुर के महाराणा प्रताप मेडिकल कॉलेज से बीडीएस किया था। इसके बाद इंटरर्नशिप करने लगा। एक क्लीनिक पर नौकरी भी करने

जाता था। छह महीने पहले वह घर आया और परेशान रहने लगा। इस बारे में कई बार उससे पूछा मगर कुछ नहीं बताया।

छोटे भाई आयुष ने बताया कि पीयूष की तीन साल पहले गोरखपुर की युवती से स्नैप चैट पर दोस्ती हुई थी। युवती उनसे मिलने लखनऊ आया करती थी। इस बारे में युवती के परिजन को पता चला तो वे भाई को धमकाने लगे। 25 नवंबर को युवती की शादी है मगर इससे पहले ही उसके परिजन भाई को जेल भिजवाने की धमकी दे रहे थे। इससे वो अवसाद में चले गए और अपनी नौकरी छोड़कर घर आ गए थे। 15 दिन से उनके पास महिला हेल्पलाइन से कॉल आ रहे थे। उन्हें डर था कि भाई को झूठे केस में फंसाया जा सकता है इसलिए 17 नवंबर को थाना कमलानगर में शिकायती पत्र देकर आए थे मगर पुलिस ने कुछ नहीं किया।

रात में पिता के साथ खाया था खाना

भाई ने बताया कि शनिवार रात करीब 9 बजे पीयूष ने पिता के साथ खाना खाया। इसके बाद तीसरी मंजिल पर कमरे में सोने चले गए। रात करीब 11:30 बजे आयुष कमरे में पहुंचे तो पीयूष फर्श पर पड़े थे और शरीर ठंडा पड़ गया था। पास ही एक इंजेक्शन और सिरिंज पड़ा था। परिजन तुरंत अस्पताल ले गए, जहां से एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कुछ देर बाद पीयूष की मौत हो गई। रात करीब दो बजे पुलिस पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पीयूष के कमरे से डायरी पर लिखा एक सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें उसने युवती और उसके तीन परिजन को जिम्मेदार ठहराया है। उनके नंबर भी लिखे हैं।

पोस्टमार्टम में नहीं पता चला मौत का कारण

एसीपी छत्ता शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि कमरे से एक इंजेक्शन बरामद हुआ है। यह इंजेक्शन सर्जरी के दौरान मरीज को बेहोश करने के लिए लगाया जाता है। संभवतः पीयूष ने भी जान देने के लिए इसी इंजेक्शन का प्रयोग किया है। इसकी ओवरडोज से जान चली गई। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है इसलिए विसरा सुरक्षित किया गया है। इसे जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जाएगा। सुसाइड नोट की जांच कराई जाएगी। परिजन ने तहरीर दी तो कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस कमिश्नर ने बड़े पैमाने पर थाना प्रभारियों के किए तबादले

आगरा एनएनआई। पुलिस आयुक्त ने अपने जनसुनवाई अधिकारी इंस्पेक्टर तरुण धीमान को इंस्पेक्टर फतेहाबाद, फतेहाबाद से इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार को ट्रांस यमुना, पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी को इंस्पेक्टर बरहन, इंस्पेक्टर पिडौरा बृजेश कुमार गौतम को इंस्पेक्टर निबोहरा, थानाध्यक्ष बरहन गुरविंदर सिंह को थानाध्यक्ष सैया, थानाध्यक्ष सैया निशामक त्यागी को थानाध्यक्ष रकाबगंज, थानाध्यक्ष कमला नगर सुनीत शर्मा को थानाध्यक्ष डौकी, थानाध्यक्ष डौकी योगेश कुमार को थानाध्यक्ष कमला नगर, चौकी प्रभारी कबीस नीरज बाबू को थानाध्यक्ष मनसुखपुरा, थानाध्यक्ष ट्रांस यमुना रोहित कुमार को थानाध्यक्ष एमएम गेट, उप निरीक्षक रविंद्र सिंह को यूपी 112 से थानाध्यक्ष पिडौरा, इंस्पेक्टर निबोहरा जय नारायण सिंह को चार्ज से हटाकर अपराध शाखा, थानाध्यक्ष रकाबगंज सौरभ सिंह को चार्ज से हटाकर साइबर सेल और सर्विलांस प्रभारी, अजब सिंह थानाध्यक्ष एमएम गेट को चार्ज से हटाकर साइबर सेल, थानाध्यक्ष मनसुखपुरा अजीत सिंह को चार्ज से हटाकर साइबर सेल भेजा गया है। अपर पुलिस आयुक्त के वाचक राकेश कुमार को अपराध शाखा में भेजा गया है।

वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

बंद घर में घुसे चोर, सफल न होने पर लगा दी आग

एनएनआई

आगरा। थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के इंद्रा ज्योति नगर में बंद पड़े एक मकान को निशाना बनाकर चोरों ने सनसनी फैला दी। चोरी में असफल होने पर चोरों ने घर के अंदर आग लगा दी, जिससे घरेलू सामान जलकर राख हो गया। घटना का वीडियो पड़ोसियों ने बनाया, जो अब वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, घर के मालिक राजू खां परिवार सहित अपनी बीमार मां को देखने मुंबई गए हुए थे। इसी बीच 8 नवंबर की रात चोर जीना की कुंडी काटकर अंदर घुसे और कमरे का ताला तोड़ने की कोशिश की। जब चोरी करने में सफल नहीं हुए तो आरोप है कि उन्होंने घर में आग लगा दी। शनिवार को लौटे पीड़ित राजू खां ने रविवार को थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। फिलहाल पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया है



और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

350वें शहीदी दिवस पर विशेष आयोजन

एनएनआई

आगरा। श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज और उनके साथ शहीद हुए भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर आगरा के गुरुद्वारों में तीन दिवसीय विशेष धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, माईथान में रविवार को भव्य कीर्तन समागम का आयोजन हो रहा है।इस अवसर पर भाई दलीप सिंह जी (पटियाला वाले) और ढाढ़ी जत्था भाई मनजिंदर सिंह (लखीमपुर) विशेष रूप से कीर्तन कर रहे हैं। इसके अलावा भाई बिजेंद्र सिंह, भाई लवजीत सिंह, ज्ञानी ओंकार सिंह और स्त्री सिंह सभा द्वारा भी गुरबाणी कीर्तन है।कार्यक्रम की शुरूआत आसा दीवार के कीर्तन से हुई। यह जानकारी गुरुद्वारा माईथान के प्रधान कवलदीप सिंह, हेड ग्रंथी ज्ञानी कुलविंदर सिंह और मीडिया प्रभारी जसबीर सिंह जस्सी ने दी।

सिर में सूजा लगे इमरजेंसी पहुंचा घायल युवक

एनएनआई

आगराञ् हाईवे पर थाना न्यू आगरा क्षेत्र के अबुल उलाह कट के पास शुक्रवार रात को एक ई व्हीकल कंपनी के कर्मचारी की हत्या का प्रयास किया गया। दो हमलावरों ने उसके सिर में सूजा मार दिया। घटना की जानकारी एक राहगीर ने पुलिस को दी। मगर सिपाही राहगीर को ही घायल को अस्पताल नहीं पहुंचाने पर हड़काने लगे। इस पर राहगीर ही दर्द से कराहते युवक को अपने स्कूटर से एसएन इमरजेंसी लाए। इस दौरान उसके सिर में सूजा भी फंसा रहा। चिकित्सकों ने देखा तो तत्काल उपचार कर सूजा निकाला। सूजा सिर में लगे युवक के अस्पताल में खुद ही पैदल चलते हुए जाने का वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसे देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। न्यू आदर्श नगर, बल्केश्वर निवासी सचिन शर्मा सिकंदरा के पश्चिम पुरी

स्थित ई व्हीकल बेचने वाली कंपनी में काम करते हैं। शुक्रवार रात तकरीबन 9 बजे स्कूटी से घर आ रहे थे। सचिन ने बताया कि वह अबुल उलाह दरगाह कट के पास पहुंचे। तभी पीछे से बाइक पर दो युवक आ गए। इनमें बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट तो पीछे सीट पर बैठे युवक ने कपड़ा बांध रखा था। अचानक पीछे वाले ने सूजा निकाला। उनके सिर में प्रहार कर दिया। सूजा सिर में घुस गया और फंसा रह गया। उन्हें दर्द होने लगा।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
सोमवार, 24 नवम्बर, 2025

ताजमहल की पार्किंग पर दबंग गाइडों का आतंक फिर से कायम

ठगी और कमीशनखोरी का सिंडिकेट दोबारा सक्रिय

एनएनआई

आगरा। दुनिया भर में मोहब्बत की मिसाल माने जाने वाले ताजमहल की चमक कुछ दबंग गाइडों और कमीशनखोरी के खेल ने फीकी कर दी है। ताजमहल की पश्चिमी पार्किंग, पुरानी मंडी और नीम तिराहे से लेकर आसपास के क्षेत्रों में गाइडों व दलालों का एक संगठित गिरोह सक्रिय है, जो पर्यटकों से ठगी, वसूली और जबरन खरीदारी कराने जैसे कृत्यों से आगरा की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खराब कर रहा है। ताजगंज सूत्रों के मुताबिक, पार्किंग में दबंग गाइड न सिर्फ बाहरी पर्यटकों को गलत रास्ते से पकड़ते हैं, बल्कि झुंड बनाकर नंबर की आवाज लगाते हुए पर्यटक तक पहुँचने से पहले ही उन्हें "बेच" देते हैं। यही नहीं, कई गाइड ताजमहल घुमाने के बाद पर्यटकों को जबरन शो-रूम और दुकानों पर ले जाते हैं, जहां खरीदारी कराने के नाम पर 50% तक कमीशन वसूला जाता है। इससे न केवल पर्यटक परेशान हो रहे हैं, बल्कि शहर की पर्यटन साख पर भी गहरा असर पड़ रहा है। आशंका इस बात की भी है कि कई गाइड फर्जी कागजात के आधार पर लाइसेंस लेकर सक्रिय हो सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि इनमें ऐसे लोग भी शामिल हैं जिन्हें सही से हिंदी बोलना तक नहीं आती, फिर भी वे विदेशी और भारतीय पर्यटकों को उल्टा-सीधा इतिहास पढ़ा रहे हैं। कई स्थानीय लेवल के गाइड बिना किसी अनुमति के विदेशी पर्यटकों को घुमाकर नियमों की



धज्जियां उड़ा रहे हैं।जानकारों का कहना है कि यदि उच्च अधिकारी सिर्फ दस मिनट का इतिहास टेस्ट ले लें, तो आधे से ज्यादा गाइड तुरंत बेनकाब हो जाएंगे। ताजमहल परिसर में करीब 2,000 से अधिक गाइड कार्यरत हैं, जिनमें कई पर आपराधिक मुकदमे भी दर्ज हैं, जिन्हें तत्काल छांटा जाना आवश्यक है।पर्यटन विशेषज्ञों का दावा है कि अगर यह सिंडिकेट समय रहते नहीं रोका गया, तो आगरा की अंतरराष्ट्रीय पहचान और पर्यटन उद्योग को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। शहर के सम्मान और पर्यटकों की सुरक्षा की खातिर प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

पुरानी मंडी से जबरदस्ती पकड़ते है पर्यटकों को

पुरानी मंडी पर आने वाले कार सवार पर्यटकों को पार्किंग माफियाओं के गुर्गे हाथ दे कर रोकते है और अपनी मनचाही पार्किंग पर गुर्गे पर्यटकों की गाड़ियों को लगवाते है वहीं इसी चौराहे पर पुलिस कर्मी भी तैनात रहते है वह सिर्फ बाहरी गाड़ियों के चालान करते ही नजर आते है।

अवैध गाइडों पर कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति

अवैध गाइडों पर कार्यवाही हमेशा से सवालों के घेरे में रही है सख्ती होने पर अवैध गाइडों को पकड़ने के नाम पर कम उम्र के लड़कों का 151 में चालान कर दिया जाता है, परंतु बड़े मछलियों को बचा लिया जाता है अगर अवैध गाइडों व पार्किंग माफियाओं पर सही कार्यवाही की जाए तो अवैध पार्किंग माफियाओं का कॉक्स खत्म किया जा सकता है

पूर्व एसीपी ने चलाया था अभियान

पूर्व ताज सुरक्षा एसीपी अरीब अहमद ने (सहायक पुलिस आयुक्त) ताजमहल के आसपास अवैध रूप से काम कर रहे गाइडों और ठगी करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की थी जिसमें 1,000 से ज्यादा लोगों पर कार्रवाई की गई थी, उनके रहते अवैध गाइडों का गिरोह क्षेत्र से गायब ही चुका था पर उनके तबादले के बाद पार्किंग माफिया फिर से सक्रिय हो गए है उन्होंने अपने गुर्गों को क्षेत्र में फिर से सक्रिय कर दिया है जिसकी वजह से अवैध गाइडों व अवैध पार्किंग माफियाओं के हौसले फिर से बुलंद हो गए हैं

100-200 रुपए में ताजगंज क्षेत्र में होती है रोजाना अवैध पार्किंग

पर्यटकों को ताजमहल के करीब होटल दिलाने का लालच दे कर पुरानी मंडी से आर के स्टूडियो तक घरों के आगे अवैध पार्किंग लगवाई जाती है जिससे क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है , मलको गली में बाहरी गाड़ियों का लगने से रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है

एकतरफा कार्यवाही से पुष्पांजलि बाग के निवासियों ने निगम का किया विरोध

- स्थानीय प्रभावशाली व्यक्ति के इशारे पर कार्यवाही करने का लगाया आरोप
- निवासी बोले हमें निशाना बनाया है, मामले की हो जाँच

एनएनआई

आगरा। दयालबाग क्षेत्र की पुष्पांजलि बाग कॉलोनी में अवैध निर्माण की शिकायत पर कार्रवाई करने पर पहुंची नगर निगम की टीम पर क्षेत्रीय निवासियों का एक तरफा करवाई करने का आरोप लगाया है। शनिवार को शाम को नगर निगम ने करीब चार बजे कॉलोनी के पांच घरो की घर के गेट के आगे बने पक्के रैम्प को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त करा दिया। इस पर जिन पांच लोगो के घर की रेम्पो को क्षतिग्रस्त किया गया है उन्होंने निगम की

करवाई को एक पक्षीय बताया है। रविवार को स्थानीय लोगों का कहना था कि हम मानते है कि हमारा रैम्प अवैध बना है पर कॉलोनी में करीब 150 मकान बने है जिसमे से अधिकतर लोगो ने बाहरी हिस्से को बढ़ा रखा है। निगम कार्यवाई करे तो सबके घरो पर करे चंद लोगो के घरो के रैम्प तोड़ने का हम विरोध करते है।

स्थानीय निवासी मानसी शर्मा ने कहा कि कॉलोनी में बहुत से मकान ऐसे है जिन्होंने ज्यादा अतिक्रमण कर रखा है। स्थानीय प्रभावशाली व्यक्ति के इशारे पर निगम ने बिना किसी पूर्व सूचना के यह कार्रवाई की। इससे जिनका नुकसान हुआ है उन में बेहद रोष है। स्थानीय निवासी निधि यादव ने कहा कि हमें निशाना बनाया है। अगर निगम को कार्यवाई करनी थी तो सबके साथ एक जैसा नियम अपनाकर सबके अतिक्रमण को ध्वस्त करना चाहिए। तमाम घरो के बाहर गाड़ी रखने के लिए टीन शेड लगा कर अवैध अतिक्रमण किया है पर उनके घर पर को कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने मामले की जांच कराने की मांग की।

हालांकि निगम के अधिकारियों ने साफ किया कि कब्जाधारकों को नोटिस दिया गया था। सार्वजनिक मार्गों, फुटपाथों और सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नोटिस के बावजूद हटाने में लापरवाही या उपेक्षा पाए जाने पर सीधे बुलडोजर चलाया।

विधानसभाध्यक्ष ने किया श्री वरद वल्लभा महागणपति मंदिर में पूजन

- लखनऊ से दिल्ली यात्रा के दौरान पहुंचे गणपति महाराज के दरबार

एनएनआई

आगरा। रविवार प्रातःकाल उत्तर प्रदेश सरकार के वर्तमान विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना अपनी धर्मपत्नी के साथ लखनऊ से दिल्ली की यात्रा के दौरान आगरा छलेसर रोड स्थित श्री गणपति महाराज के दर्शनार्थ श्री वरद वल्लभा महागणपति मंदिर पहुंचे। सतीश महाना ने यहां श्री महाराज के दर्शन कर पूजन-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और अपने कार्यक्षेत्र में सफलता का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में पहुंचने पर संस्थापक एवं एनआरएल ग्रुप के चेयरमैन हरिमोहन गर्ग तथा निदेशक सिद्धांत गर्ग ने पुष्पमालाओं के साथ माननीय विधानसभाध्यक्ष जी का हार्दिक स्वागत किया। माहौल भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहा। मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने भी माननीय महाना जी के आगमन पर उत्साह व्यक्त किया।

लायंस क्लब फ्रेंड्स महान ने 'अपना घर आश्रम' में किया सेवा कार्य

47 वृद्धजनों की सुविधा के लिए सौंपी धनराशि

एनएनआई

आगरा। लायंस क्लब फ्रेंड्स महान ने सामाजिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए भरतपुर के 'अपना घर आश्रम' की न्यू राजा मंडी स्थित आगरा शाखा में सेवा कार्य आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डिस्ट्रिक गवर्नर द्वितीय आर. एन. वर्मा, अजय भार्गव और योगेश कंसल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। क्लब के अध्यक्ष अतुल बंसल ने बताया कि आश्रम में निवास कर रहे 47 निराश्रित वृद्धजनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए क्लब ने पलंग, फर्नीचर, टेबल और गद्दों की व्यवस्था हेतु 1 लाख 33 हजार रुपए का सहयोग प्रदान किया। यह राशि अपना घर प्रबंध समिति की प्रमुख सुषमा मंगल को औपचारिक

रूप से सौंपी गई। वृद्धजनों की सुविधा व सम्मानजनक जीवन के लिए यह सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्लब आगे भी सेवा गतिविधियों को निरंतर गतिशील रखेगा। क्लब के सचिव योगेश अग्रवाल ने कहा कि समाज की सेवा ही क्लब का मूल उद्देश्य है और भविष्य में भी इसी भावना के साथ विविध सेवा कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। सभी का धन्यवाद बी. एम. तपाड़ियाँ ने दिया। इस अवसर पर संयोजक रवि अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, किशोर मित्तल, सुनील सिंघल, अजय मित्तल, रूप किशोर सुखवानी,राजीव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अजय कुमार अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, प्रवीन अग्रवाल, आशीष कुमार अग्रवाल, शरद अग्रवाल, रमेश मित्तल आदि का सहयोग रहा।

राधा कृष्ण गौशाला में गौवंशों को मिला पोषाहार

एनएनआई

आगरा। लायंस क्लब आकाश द्वारा मासिक गौ सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत फाउंड्री नगर स्थित राधा कृष्ण गौशाला में रविवार को सेवा कार्य आयोजित किया गया। क्लब के पदाधिकारी और सदस्य सेवा भाव से गौशाला पहुंचे और गौवंशों के लिए आवश्यक आहार सामग्री उपलब्ध कराई।

क्लब कॉर्डिनेटर मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि सेवा कार्यक्रम के दौरान 250 से अधिक गौवंशों के लिए 50 बोरी भूसा एवं पाँच कुंतल गाजर प्रदान की गईं। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब आकाश न केवल सामाजिक सरोकारों में अग्रणी है, बल्कि गौ सेवा को भी अपनी नियमित गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा मानता है। अध्यक्ष अनिल वार्ष्णेय ने बताया कि गौशाला में नियमित सेवा के माध्यम से क्लब का उद्देश्य गौवंशों के संरक्षण और पोषण में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी क्लब इसी प्रकार सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखेगा। इस अवसर पर रीजन चेयरपर्सन संजय गुप्ता, जोन चेयरपर्सन संजीव गुप्ता, पवन पैंगोरिया, नितिन अग्रवाल, मुकेश गोयल, पीके मोदी, सीपी सिंघल आदि उपस्थित रहे।

कथा के प्रथम दिन उमड़ा श्रद्धा और भक्ति का सैलाब

- जहां श्रीमद्भगवत कथा, वहां विद्यमान हो जाते हैं सभी तीर्थ
- जीवन का सकारात्मक दिशा देने वाला दिव्य मार्ग है श्रीमद्भागवत कथा

एनएनआई

आगरा। जहां श्रीमद्भागवत कता होती है वहां सबी तीर्थ विद्यमान हो जाते हैं। श्रीमद्भागवत केवल ग्रंथ नहीं बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य शास्त्र है। व्यास पीठ पर आसीन पूज्य कथावाचक श्री दिनेश दीक्षित जी ने बताया कि भागवत का श्रवण मन के विकारों को दूर करता है और जीवन में शांति, प्रेम तथा आनंद का संचार करता है। बोदला, महारानी बाग पार्क में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में आज प्रथम दिन पूज्य महाराजश्री दिनेश दीक्षित जी ने भागवत महापुराण के उत्पत्ति कारण, व्यासदेव द्वारा रचित अठारह पुराणों की सार-स्वरूपता तथा भक्तियोग की महत्ता का विस्तार से वर्णन किया।

उन्होंने श्रोताओं को बताया कि भक्तियोग ही वह मार्ग है जो जीव को परमात्मा से जोड़ता है। कथा के दौरान कई प्रसंगों को भजन और पदों के माध्यम से मनमोहक शैली में प्रस्तुत किया गया, जिसे सुनकर उपस्थित भक्त भाव-विभोर हो उठे। श्रीमद्भागवत के प्रथम श्लोक के माध्यम से भगवान के सच्चिदानन्द के स्वरूप का वर्णन किया। कहां श्रीमद्भागवत कथा में सदियों पहले से वर्णित है कि एक कल्प में चार युग होते हैं और वहीं पृथ्वी की आयु है। कथा में कल दूसरे दिन मंगलाचरण और सोनक द्वारा सूद जी से छह प्रश्न करने की कथा, नारद जी के पूर्व जन्म की कथा, नारद जी और व्यास जी के मिलन, भीष्म व कुंती स्तुति कथा होगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से आयोजन समिति के पदाधिकारियों में डॉ. जीएस राणा, अनीता राणा, संयोजक डॉ. अरुण प्रताप सिंह, अरुण त्यागी, प्रमोद चौधरी, लोकेश कटारा, सतेन्द्र, विपिन परमार, भूपेन्द्र चौधरी, चंद्रवीर सोलंकी, दिलीप स्वामी, रविन्द कुमार दुबे, वरुण स्वामी आदि उपस्थित थे।

शीला देवी बनीं बेस्ट बीएलओ, होगा सम्मान

अपने बूथ पर 100 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का किया वितरण, जिले में सबसे पहले किया काम

एनएनआई

आगरा। एत्मादपुर विधानसभा क्षेत्र की बीएलओ शीला देवी जिले की बेस्ट बीएलओ बन गई हैं। उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के अपने बूथ पर 100% गणना प्रपत्रों का वितरण, उनका संकलन और डिजिटाइजेशन का जिले में सबसे पहले कर लिया है। इस पर डीएम आगरा अरविंद मल्लप्पा बंगारी उन्हें सम्मानित करेंगे।

एत्मादपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदेय स्थल संख्या 395, प्राथमिक विद्यालय नगला बेल की बीएलओ शीला देवी ने जिले में सबसे तेज और सर्वाधिक प्रभावी कार्य करते हुए अपने बूथ पर 100% प्रतिशत काम पूर्ण कर लिया है। उन्होंने 500 में से 500 मतदाताओं के प्रपत्र जुटाकर अभियान में जिले में शीर्ष प्रदर्शन का नया मानक स्थापित किया है। बीएलओ शीला देवी ने बताया-उन्होंने पहले ही वर्ष 2003 की मतदाता सूची का 2025 की सूची से मिलान कर मतदाताओं के क्रमांक नोट कर लिए थे। गणना प्रपत्र प्राप्त होते ही उन्होंने दो प्रतियों में इसे सभी संबंधित मतदाताओं तक डोर टू डोर पहुंचाया। इस कार्य में सभी मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक गणना पत्र भरने में पूर्ण सहयोग किया।

उन्होंने 500 कुल मतदाताओं में से 500 मतदाताओं के गणना प्रपत्र न केवल संकलित किए बल्कि बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइज भी कर दिए। यह उपलब्धि जिले में सर्वाधिक है और विशेष पुनरीक्षण अभियान में आदर्श कार्यशैली का उदाहरण प्रस्तुत करती है।डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया-एसआईआर के अंतर्गत 23 नवंबर रविवार को सभी बूथों पर विशेष कैंप लगाया गया।आगरा में 3696 बीएलओ के माध्यम से कुल 36,00,071 सत्यापन कराया जा रहा है।

इन्होंने भी किया 100 प्रतिशत काम पूरा

91-फतेहपुर सीकरी विधानसभा के भाग संख्या-03, कुल मतदाता 462, प्राथमिक विद्यालय उत्तू, कक्ष संख्या-1, के बीएलओ देवेन्द्र सिंह, सहायक अध्यापक द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 में डाटा डिजिटाइजेशन का कार्य 100% पूर्ण करने पर जिलाधिकारी श्री अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने सराहना करते हुए हार्दिक बधाई दी।

वोटर मतदाता सूची में आनलाइन देख सकते हैं अपना नाम

एनएनआई

आगरा। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य के अंतर्गत वर्ष- 2003 की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

जनसामान्य की जानकारी हेतु सूचित किया जाता है कि उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध मतदाता सूची को कोई भी व्यक्ति निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार देखकर तथा डाउनलोड कर उसका प्रिंट प्राप्त कर सकता है। मतदाता सूची देखने हेतु उपलब्ध वेबसाइट सीईओउत्तरप्रदेशडॉटएनआईसीडॉटकॉम है। इस वेबसाइट पर वोट सर्विस टैब में जाकर इलैक्ट्रॉल रोल पीडीएफ पर क्लिक करना होगा। इसके बाद संबंधित डिस्ट्रिक्ट सेलेक्ट करके विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र चुनने पर उपलब्ध बूथ लिस्ट के आधार पर अपने मतदान स्थल की मतदाता सूची को खोला जा सकता है तथा उसमें अपना नाम देखा जा सकता है। इच्छुक व्यक्ति सूची का पीडीएफ डाउनलोड भी कर सकते हैं। वर्ष 2003 की मतदाता सूची में अपने अथवा अपने पिता, माता, दादा अथवा दादी का नाम खोजा जा सकता है, जिसका उपयोग गणना प्रमाण हेतु किया जा सकता है। सभी मतदाताओं को अवगत कराया जाता है कि आयोग की निर्धारित गाइडलाइंस के अनुसार निर्धारित समयसीमा 4 दिसंबर 2025 में अपना गणना प्रमाण भरकर जमा करना अनिवार्य है। निर्धारित समय में प्रमाण न भरने की स्थिति में मतदाता का नाम आगामी प्रकाशित मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं रहेगा।

कन्हैयालाल अग्रवाल के नेत्रदान से दो जिन्दगीयां होंगी रोशन

आगरा एनएनआई। कमलानगर निवासी कन्हैयालाल अग्रवाल (85) का रविवार को निधन हो गया था। उनकी इच्छानुसार परिवारीजनों ने नेत्रदान प्रकिया पूरी कराने के लिए हेल्प आगरा से सम्पर्क किया। सूचना नेत्र विभागाध्यक्ष डा. स्निग्धा सेन व नेत्र बैक इंचार्ज डा. शेफाली मजूमदार के निर्देशन में डाक्टरों की टीम व ग्रीफ काउंसिलर दीपक शर्मा के सहयोग से नेत्रदान प्रक्रिया पूरी हुई। महामंत्री गौतम सेठ, नेत्रदान प्रभारी प्रतीक जैन व मीडिया प्रभारी नंदकिशोर गोयल ने मृतयोपरांत नेत्रदान अवश्य करने की अपील करते हुए नेत्रदान के लिए 9310111000 पर सम्पर्क करने का निवेदन किया है।

निशुल्क शिविर में लोगों ने कराया हेल्थ चेकअप

एनएनआई

आगरा। वरदान वेलफेयर सोसाइटी द्वारा निःशुल्क चिकित्सा एवं दवाई वितरण शिविर नगलापदी स्थित जेडी पब्लिक स्कूल में लगाया गया। शिविर में आयुष्मान कार्ड भी बनवाए गए। दंत चिकित्सक डॉ श्वेता तोमर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सुनीता सिंह,जनरल फिजिशियन डॉ सत्येंद्र कुमार तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ मनोज कुमार यादव ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अतुल कुमार उपस्थित रहे। लगभग 340 से अधिक रोगियों ने इस शिविर में चिकित्सा और दवाइयों का लाभ उठाया। वहीं 28 लोग आयुष्मान कार्ड बनवाकर लाभान्वित हुए। शिविर का उद्घाटन सुरेश चंद गर्ग और राजेंद्र सिंह कुशवाह ने दीप प्रज्वलित करके किया । शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशांत पोनियां जिला अध्यक्ष और समाज सेवी नितेश अग्रवाल उपस्थित रहे। संस्था की अध्यक्ष शीतल अग्रवाल ने शिविर में आए सभी अतिथियों का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। मौके पर सचिव कुमार पुष्कर, उपाध्यक्ष राधे यादव, मुरारी प्रसाद गोयल, संजय शर्मा, नीति चतुर्वेदी, रीना शर्मा, राजीव कुमार टाटा, श्रेय गौड़, विपिन पराशर, शिवराम सिंघल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

पशु प्रेमियों ने गली मोहल्लों में जाकर श्वानों को लगाई वैक्सीन

एनएनआई

आगरा। पशु प्रेमियों और कार्यकर्ताओं ने 54 अशोकनगर माथुर वैश्य भवन पंचकुइयां के निकट रैली के रूप में पैदल मार्च करते हुए गली मोहल्ले में रहने वाले शवानों को टीकाकरण किया एवं उन्हें डॉग फूड खिलाएं। यह रैली अशोक नगर के कमेटी हॉल में जाकर संपन्न हुई जहां पर मौजूद लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

सुप्रमी कोर्ट द्वारा जारी किए गए आदेशों पर भी प्रमुख कार्यकर्ता गरिमा शर्मा और आगरा के जानेमाने चिकित्सक डॉक्टर संजीव नेहरू ने संयुक्त रूप से कहा कि यह आदेश लोकतंत्र के खिलाफ है। किसी की स्वतन्त्रता और अधिकार छीनना न तो हमारी संस्कृति में है और न ही संविधान में देसी नस्ल के श्वानों को हटाना अनुचित है और इसके बजाय, अनियंत्रित ब्रीडिंग को नियंत्रित किया जाना चाहिए।

पशु प्रेमियों ने यह अपील की है की इस आदेश को गैरकानूनी और संविधान विरोधी है। इसे तत्काल वापस लिए जाने की माँग की है। कार्यक्रम में मौजूद आशीष कपूर ने कहा कि एबीसी नियमों को लागू करना चाहिए व केवल एनिमल बर्थ कंट्रोल नयम, 2023 के संवैधानिक नियमों को बहाल करना चाहिए जो बेजुबान जानवरों के अधिकारों की रक्षा करते हैं। पशु प्रेमियों ने यह स्पष्ट किया कि वे कानून की व्यवस्था और संवैधानिक मूल्यों की पुनर्स्थापना के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

इस आयोजन में मुख्य रूप से डॉ. हरिसिंह यादव, श्रीरामनाथ गौतम, बंटी कुलश्रेष्ठ, पंकज गुप्ता, ज्योती राना गरिमा शर्मा व इस कार्य में कैस्पर होम और फीडर्स एसोसिएशन ऑफ आगरा के आशीष कपूर, अपूर्व शर्मा, धैर्य, शुची महेश्वरी, शैफाली सरस, सनी अरबाज, शांतनु बंसल, जानवी पाण्डे, गरिमा यादव आदि उपस्थित रहे।

चित्रा मुदगल को मिला 'साहित्य जागृति लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान'

एनएनआई

बाह। बाह के एमनपुरा गांव की चर्चित लेखिका चित्रा मुदगल को एक निजी चैनल ने शनिवार को वर्ष 2025 का साहित्य जागृति लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान प्रदान किया है। यह सम्मान उन्हें राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश द्वारा दिया गया। 10 दिसंबर 1944 में चेन्नई, तमिलनाडु में जन्मी चित्रा मुदगल का साहित्यिक सफर सारिका के सम्पादक रहे बाह के एमनपुरा गांव के अवध नारायन मुदगल के साथ शुरू हुआ था। सफर के दौरान परिणय सूत्र में बंधी चित्रा मुदगल ने अपनी कहानियों के जरिये समाज की दकियानूसी सोच और परम्पराओं का विरोध किया है। इससे पहले वर्ष 2018 में उन्हें मंगलामुखियों के प्रति समाज की दकियानूसी सोच का विरोध करने वाली कहानी पोस्ट बॉक्स नम्बर 203 - नाला सोपारा के लिए प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरुस्कार मिला था। जबकि 2015 में यूएसए के नार्थ कारोलियाना में राज्यपाल पेट एमसी ग्लोरी ने पेन्टिंग अकेली ही के लिए अन्तर्राष्ट्रीय धींगरा सम्मान दिया था। बहुचर्चित उपन्यास 'आवां' के लिए उन्हें व्यास सम्मान एवं कई अन्य सम्मानों से नवाजा जा चुका है। चित्रा मुदगल की पहली कहानी स्त्री-पुरुष संबंधों पर थी जो 1955 में प्रकाशित हुई। उनके अब तक तेरह कहानी संग्रह, तीन उपन्यास, तीन बाल उपन्यास, चार बाल कथा संग्रह, पांच संपादित पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। साहित्य के शिखर पर विराजमान चित्रा मुदगल के भतीजे राजेन्द्र मुदगल, भतीजी बहू शारदा देवी कहती है कि उनकी सकारात्मक सोच साहित्य ही नहीं, घर परिवार और समाज में खूब सराही जाती है। उनके होने से समाज देश और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर परिवार का भी सम्मान बढ़ा है। साहित्य का लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिलने पर भतीजे सत्य कुमार मुदगल, डॉ. मदन गोपाल सिंह भदौरिया, डॉ. शिवशंकर कटारे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मलखान सिंह राठौड, शंकर देव तिवारी, आशुतोष नेहरू, पंडित रामसेवक शर्मा, विनोद दीक्षित, सतीश पचौरी, विनोद राजपूत आदि ने खुशी का इजहार कर उनकी उपलब्धि को बाह क्षेत्र के लिए गौरव बताया।

बाह के 12 बूथों पर दैनिक रिपोर्ट में शून्य प्रगति

बाह एनएनआई। एसआईआर की प्रगति की समीक्षा रोजाना हो रही है। शनिवार को बाह विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 33 पर दैनिक लक्ष्य 76, बूथ संख्या 86 पर दैनिक लक्ष्य 98, बूथ संख्या 134 पर दैनिक लक्ष्य 130, बूथ संख्या 179 पर दैनिक लक्ष्य 81, बूथ संख्या 192 पर दैनिक लक्ष्य 113, बूथ संख्या 211 पर दैनिक लक्ष्य 105, बूथ संख्या 221 पर दैनिक लक्ष्य 132, बूथ संख्या 234 पर दैनिक लक्ष्य 146, बूथ संख्या 245 पर दैनिक लक्ष्य 125, बूथ संख्या 247 पर दैनिक लक्ष्य 126, बूथ संख्या 277 पर दैनिक लक्ष्य 128, बूथ संख्या 289 पर दैनिक लक्ष्य 97, बूथ संख्या 340 पर दैनिक लक्ष्य 100 के मुकाबले प्रगति शून्य मिलने पर एसडीएम संतोष कुमार शुक्ला ने नाराजगी जताई है। सुधार के साथ लक्ष्य के अनुरूप प्रगति के निर्देश दिए हैं। इधर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के गहन पुनरीक्षण अभियान में बीएलओ की मदद के लिए भाजपाई और सपाई फॉर्म भरवाने के लिए गलियों में पहुंच रहे हैं। सपा नेता आदिल वेग मिर्जा ने बाह की मुस्लिम बस्ती में घर घर जाकर एसआईआर के फॉर्म भरवाए। राजेश यादव मोनू अहीर रमेश यादव आदि लोगो ने सहयोग किया लोगों को मताधिकार के लिए फॉर्म भरने का महत्व समझाया। भाजपा कोर कमेटी के सदस्य पवन भदौरिया अपनी टीम के साथ कैंजरा, भगवानपुरा, हरलालपुरा, अभयपुरा में पहुंचे। वोट का अधिकार हासिल करने के लिए एसआईआर फॉर्म भरे जाने के लिए लोगों को जागरुक किया एवं फॉर्म भरवाए।

पिनाहट दुकान विवाद में डीएम ने गठित की जांच टीम

पिनाहट एनएनआई। व्यापारियों और पूर्व मंत्री के मध्य चल रहे दुकानों के विवाद में व्यापारियों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने एडीएम फाइनेंस और एसडीएम फतेहाबाद की टीम गठित कर 15 दिन में रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं। कस्बा में 180 दुकानों पर पूर्व मंत्री और दुकानदारों के मध्य दुकानों के मालिकाना हक को लेकर विवाद चल रहा है। जिसमें सासंद राजकुमार चाहर और सुग्रीव सिंह चौहान के साथ बीस तारीख को दुकानदार जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी से मिलें थे। और पूर्व मंत्री पर जबरन दुकानों की रशीद अपने नाम कटवाने का आरोप लगाया था । जिसमें दुकानदारों ने कहा कि पूर्व मंत्री के नाम गृहकर रशीद का जो रजिस्टर है। वह किसी अधिकारी के द्वारा प्रमाणित नहीं है। वर्ष 1988 से 2014 तक नगर पंचायत के गृहकर में पूर्व मंत्री का नाम तक नहीं है।

धमकी के बाद सांसद प्रतिनिधि को मिला सुरक्षा कर्मी

एनएनआई

पिनाहट। हाल ही में 20 नवंबर को पिनाहट नगर पंचायत परिसर में सांसद प्रतिनिधि मुन्ना लंबर एवं प्रधान संगठन के अध्यक्ष रविंद्र बघेल को कथित रूप से धमकी दिए जाने के बाद मामला काफी गरमा गया था। घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना रहा और सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे। घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ। उसी क्रम में सुरक्षा दृष्टि से सांसद प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 44 मुन्ना नंबरदार को सुरक्षा कवच उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर रविवार को उन्हें एक सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराया गया, जो अब उनकी सुरक्षा में तैनात रहेगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कदम देर से सही, लेकिन आवश्यक था ताकि भविष्य में किसी भी विवाद या गंभीर स्थिति को रोका जा सके। क्षेत्र में अब शांति है, लेकिन लोग प्रशासनिक कदमों पर निगाह बनाए हुए हैं।

सहकारी गोदामों पर हुई डीएपी की कालाबाजारी, यूरिया का नियमानुसार हो वितरण: अरिदमन

एनएनआई



बाह। क्षेत्र के सहकारी गोदामों पर डीएपी की ओवर रेटिंग और कालाबाजारी का शिकार हुए किसानों का दर्द प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री अरिदमन सिंह ने प्रशासन, सहकारिता और कृषि विभाग का ध्यान खींचा है। उन्होंने यूरिया का नियमानुसार वितरण सुनिश्चित कराने की मांग अधिकारियों से की है। प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री अरिदमन सिंह कई बार कापरेटिव के चेयरमैन रहे हैं। अपने कार्यकाल में शासन से किसानों के हक में पर्याप्त डीएपी का आवंटन कराया था। उन्होंने बताया कि बाह क्षेत्र के सहकारी गोदामों पर इस बार भी पर्याप्त डीएपी उपलब्ध हुई, लेकिन वितरण में अनियमितताएं बरती गईं। किसानों को 1350 रुपये का डीएपी का कट्टा 1700 रुपये में बेचा गया। उन्होंने बताया कि गोदाम से दुकानदारों तक भी डीएपी खपाने की शिकायतें मिली हैं। जहां से किसानों को 2000 तक में डीएपी खरीदनी पड़ी थी। दबंग किसान को क्षमता से ज्यादा डीएपी दी गई, जबकि गरीब किसान वंचित रह गया। डीएपी की कालाबाजारी की शिकायतों पर सहकारिता विभाग द्वारा कार्यवाही न किए जाने पर भी उन्होंने सवाल उठाए हैं। उन्होंने प्रशासन, सहकारिता, कृषि विभाग के अधिकारियों से मांग की कि यूरिया का नियमानुसार वितरण सुनिश्चित कराएं। जिससे शासन की मंशानुसार आर्थिक रूप से कमजोर किसानों को यूरिया से वंचित न रहना पड़े। यूरिया के कट्टे का मूल्य 266 रुपये है। शासन की छवि को धूमिल करने वाले अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं पाएंगे।

श्रीकृष्ण बलराम मंदिर में धूमधाम से मनाया जनार्दन गोस्वामी महाराज का तिरोभाव महोत्सव

एनएनआई



मथुरा। सेवाकुंज गली स्थित श्रीकृष्ण बलराम मंदिर में ब्रज के प्रख्यात संत श्रील भक्ति जीवन जनार्दन गोस्वामी महाराज का तिरोभाव महोत्सव श्रील भक्तिवेदांत मधुसूदन गोस्वामी महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया गया।महोत्सव का शुभारंभ पूज्य महराजश्री के चित्रपट का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन व दीप प्रज्वलित करके किया गया।तत्पश्चात संतों-भक्तों के द्वारा श्रीहरिनाम संकीर्तन किया गया।

इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रील भक्तिवेदांत मधुसूदन गोस्वामी महाराज ने कहा कि हमारे सदगुरुदेव श्रील भक्ति जीवन जनार्दन गोस्वामी महाराज धाम निष्ठ, नाम निष्ठ व धर्म निष्ठ थे।उन जैसी दिव्य विभूतियों से ही श्रीधाम वृन्दावन समूचे विश्व का ललाट बनकर शोभायमान हो रहा है।

भक्ति तिलक अकिंचन महाराज एवं पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ ने कहा कि श्रील भक्ति जीवन जनार्दन गोस्वामी महाराज गौडीय संप्रदाय के परम-उपासक व भगवत्प्राप्ति संत थे।वे अपने पास आने वाले दीन-दुखियों की पीड़ा उनके बताने से पहले ही जान लेते थे।पृथ्वी पर अब ऐसे संतों के दर्शन बहुत ही कम होते हैं,जो अपना समूचा जीवन निर्धनों-निराश्रितों एवं असहायों की सेवा में समर्पित करते हैं।

प्रख्यात साहित्यकार "यूपी रत्न" डॉ. गोपाल चतुर्वेदी व डॉ. राधाकांत शर्मा ने कहा कि भक्ति जीवन जनार्दन गोस्वामी महाराज श्रीमद्भावत, श्रीमद्भगवद्गीता एवं रामायण आदि कई धर्म ग्रंथों के प्रकांड विद्वान थे।उन्होंने कई ग्रंथों का अनेक भाषाओं में अनुवाद करके और उनका विश्वस्तर पर प्रकाशन कर असंख्य व्यक्तियों को धर्म के मार्ग से जोड़ा।साथ ही उनको प्रभु भक्ति की ओर अग्रसर करके उनका कल्याण किया।हम ऐसे परोपकारी संत के चरणों में बारंबार प्रणाम करते हैं। महोत्सव में पुष्टिमार्ग के प्रकांड विद्वान श्रीहरि सुरेशाचार्य महाराज, भक्ति वेदांत साधु महराज, भक्ति वेदांत दामोदर महाराज, ध्रुव गोस्वामी, आचार्य ईश्वरचन्द्र रावत, प्रेमप्रदीप दास, अच्युतानंद दास, बलराम प्रभु, निताई प्रभु, प्राणगोपाल प्रभु एवं पदाब्ज प्रभु आदि के अलावा देश - विदेश के असंख्य भक्त-श्रृद्धालुओं की उपस्थिति विशेष रही।महोत्सव का समापन संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।

जनसंपादकीय

भारत की मेडिकल एजुकेशन संकट के साए में

स्थेस्कोप की जगह बम हाथ में लिए हिपोक्रेटीज की शपथ लेने वाला डॉक्टर अगर हॉस्पिटल चलायेगा तो समाज किस दिशा में जा रहा है, ये अंदाज लगाना मुश्किल नहीं है।

क्यों हमारे समाज के मरहम लगाने वाले लोग, यानी डॉक्टर, आतंकवाद के सौदागर बन रहे हैं? और क्यों डॉक्टर बनने का पेशा, जो कभी सेवा और इंसानियत की निशानी था, अब धीरे-धीरे एक पैसा कमाने वाला धंधा बनता जा रहा है? हाल की खबरों में जब कुछ डॉक्टरों के आतंकवादी गुटों से जुड़े होने की बातें सामने आईं, तो यह सवाल और पेचीदा हो गए।

कभी भारत की मेडिकल पढ़ाई हुनर और सेवा का गर्व मानी जाती थी। लेकिन आज हालात उलटे दिख रहे हैं। जिन हाथों को ज़िंदगी बचाने की तालीम दी गई, वही हाथ कुछ जगहों पर गलत रास्तों की तरफ बढ़ चुके हैं। जाँच से पता चला कि कई युवा डॉक्टर–खासकर कश्मीर के–भारत के मेडिकल कॉलेजों में नहीं, बल्कि बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे देशों के ढीली निगरानी वाले कॉलेजों में पढ़े। जहाँ पढ़ाई को सही दिशा देने वाली व्यवस्था बहुत कमजोर है।

दिल्ली में नीतियाँ बनाने वालों के लिए यह सब चौंकाने वाला है। इससे मेडिकल शिक्षा की कई कमियाँ खुलकर सामने आईं–बहुत महँगी फीस, सीटों की भारी कमी, एडमिशन का जबर्दस्त दबाव, और मजबूरी में विदेश जाकर सस्ती लेकिन कमजोर मेडिकल डिग्री लेना। जब क्लीनिकल नॉलेज और प्रोफेशनल हुनर गलत सोच वाले लोगों के हाथ में चला जाए, तो पूरा देश खतरे में आ जाता है।

भारत में आज लाखों छात्र डॉक्टर बनने का सपना देख रहे हैं, मगर हकीकत बहुत सख्त है। हर साल 20 लाख से ज्यादा नीट देने वालों के लिए सिर्फ लगभग सवा लाख के करीब एमबीबीएस सीटें हैं। सरकारी कॉलेजों में सीटें कम, मुकाबला बहुत तगड़ा, और प्राइवेट कॉलेजों की फीस 50 लाख से 1 करोड़ तक–जिससे सामान्य परिवार पीछे रह जाते हैं। मजबूरी में हजारों छात्र हर साल बांग्लादेश, रूस, फिलिपींस और यूरोप के कॉलेजों में चले जाते हैं।

लेकिन विदेशी मेडिकल पढ़ाई में भी दिक्कतें कम नहीं। कुछ कॉलेज ठीक हैं, पर कई जगह अस्पतालों की हालत खराब, स्टाफ कम, और पढ़ाई भारतीय मानकों से मेल नहीं खाती। वापस आने पर छात्रों को एफएमजीई पास करना होता है–2025 में इसका पास रेट सिर्फ.लगभग 18% रहा। यह उनकी काबिलियत नहीं, बल्कि कोर्स की असमानता दिखाता है। इसके बाद इंटर्नशिप और सरकारी औपचारिकताओं की परेशानियाँ अलग।

डॉक्टरों की कमी भी लगातार बढ़ रही है। जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर, राजस्थान और यूपी के कई इलाकों में डॉक्टरों की कमी 40% से ज्यादा है। ग्रामीण अस्पतालों की हालत और भी खराब है। हल्ड के मानकों से हम बहुत पीछे हैं। ऐसे में सवाल यह नहीं कि विदेशी पढ़े डॉक्टर अच्छे हैं या नहीं, बल्कि यह कि देश उनकी क्षमता को कैसे ठीक से इस्तेमाल करे। इधर मेडिकल एजुकेशन में बढ़ता बेफिक्र कारोबार भी नैतिकता को चोट पहुँचा रहा है। महँगे प्राइवेट कॉलेज दो अलग-अलग दुनिया बना रहे हैं–एक अमीरों के लिए, और दूसरी मजबूरी में विदेश जाने वालों के लिए। फीस का सिस्टम पारदर्शी नहीं है, और कई कॉलेज अस्पताल चलाकर पैसा कमाने में लगे रहते हैं, जिससे पढ़ाई की क्वालिटी गिरती है। माताझपिता और छात्र खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं।

इस पूरे संकट से निकलने के लिए एक मजबूत और साफ योजना चाहिए–सरकारी मेडिकल कॉलेज बढ़ाना, विदेशी डिग्रियों की मान्यता को आसान और एकरूप बनाना, एफएमजीई में सुधार करना, इंटर्नशिप सिस्टम को मजबूत करना, और प्राइवेट कॉलेजों में फीसझनियंत्रण व पारदर्शिता लाना। साथ ही शहर-गाँव के स्वास्थ्य ढाँचे का अंतर भी कम करना होगा। अगर हमने अब कदम नहीं उठाए, तो हालात और बिगड़ेंगे–छात्र विदेश जाते रहेंगे, और देश के करोड़ों लोग डॉक्टरों की कमी से परेशान होते रहेंगे। डॉक्टर बनने का रास्ता इंसाफ, मेहनत और हुनर पर टिका होना चाहिए–न कि पैसे, किस्मत या जबरदस्ती के हालात पर।

सच में, आतंकवाद, बेहिसाब कारोबार और कमजोर तालीम मिलकर भारत की मेडिकल एजुकेशन को एक गंभीर संकट में धकेल रहे हैं। जरूरत है ऐसी व्यवस्था की जो इस पेशे की असली रूह–इंसानियत और सेवा–को फिर से जिंदा करे और उसे भटकने से बचाए। गनीमत ये है कि अधिकांश पुरानी पीढ़ी के भारतीय डॉक्टर्स, देश विदेश में अपनी मेहनत, ईमानदारी, काबिलियत से देश और समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। मगर कुछ नेगेटिव ट्रेंड्स, अब चिंता का विषय बन रहे हैं।

बृज खंडेलवाल द्वारा
(लेखक के निजी विचार हैं)

मार्गशीर्ष पूर्णिमा

धन, समृद्धि और गृह सुख के लिए करें ये उपाय, पाएं मां लक्ष्मी की कृपा

मार्गशीर्ष मास की पूर्णिमा, जिसे मार्गशीर्ष पूर्णिमा कहा जाता है, हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखती है। इस दिन को आध्यात्मिक रूप से बेहद शुभ माना जाता है और इसे भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना के लिए श्रेष्ठ दिन माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से पापों का नाश होता है और आस्था व भक्ति में वृद्धि होती है।

साल 2025 में मार्गशीर्ष पूर्णिमा 4 दिसंबर को है। यह साल की आखिरी पूर्णिमा भी है, इसलिए इसे और भी विशेष माना जाता है। इस दिन किए गए धार्मिक उपाय और पूजा, विशेषकर मां लक्ष्मी की आराधना, घर में समृद्धि और खुशहाली लाने के लिए अत्यंत शुभ माने जाते हैं। लोग इस अवसर पर व्रत रखते हैं, दीपक जलाते हैं और लक्ष्मी मंत्र का जाप करके देवी का आशीर्वाद प्राप्त करने का प्रयास करते हैं।

मार्गशीर्ष पूर्णिमा 2025 मुहूर्त

तिथिः यह 4 दिसंबर 2025 की प्रातः 08:37 बजे शुरू होगी और 5 दिसंबर 2025 की प्रातः 04:43 बजे तक रहेगी।

स्नान और दान का शुभ समयः सुबह 05:10 बजे से लेकर 06:04 बजे तक।

सत्य नारायण पूजा का समयः सुबह 10:53 बजे से दोपहर 01:29 बजे तक।

चंद्रोदय (चांद निकलने का समय): दोपहर 04:34 बजे।

गृह क्लेश से छुटकारा पाने का उपाय

अगर घर में सदस्य अक्सर आपस में झगड़ते हैं और तनाव की स्थिति बनी रहती है, तो मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु की विधिपूर्वक पूजा करें। पूजा के समय विष्णु जी को सफेद चंदन का टीका लगाएं। इस उपाय से गृह दोष कम होगा और घर में शांति और सामंजस्य लौटेगा।

धन लाभ के लिए उपाय

मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर धन की समस्याओं को दूर करने के लिए मां लक्ष्मी की विधिपूर्वक पूजा करें। पूजा में लाल रंग के फूल अर्पित करें और साथ ही कनकधारा स्त्रोत का पाठ करें। मां लक्ष्मी प्रसन्न होकर पूरे परिवार पर अपनी कृपा बनाए रखेंगी और आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

जीवन की बाधाओं को दूर करने का उपाय

सभी प्रकार की जीवन बाधाओं को खत्म करने के लिए भगवान श्री हरि और माता लक्ष्मी की सच्चे मन से पूजा करें। इस उपाय से जीवन की कठिनाइयां समाप्त होंगी और सुख-समृद्धि बढ़ेगी।

पीपल के पेड़ के नीचे दीपक जलाने का उपाय

मार्गशीर्ष पूर्णिमा की सुबह यदि पीपल के पेड़ के नीचे आटे का दीपक बनाकर उसमें तिल का तेल डालकर जलाया जाए, तो इच्छाओं की पूर्ति होती है और आर्थिक स्थिति में सुधार आता है। इस उपाय से जीवन में सफलता के नए रास्ते खुल सकते हैं।

धनुष और मृणाल ठाकुर के रिश्ते की अफवाहों को मिला नया जोर

अभिनेता धनुष और अभिनेत्री मृणाल ठाकुर के बीच रिश्ते की चर्चाओं को एक बार फिर गति मिली है। मृणाल की नई फिल्म 'दो दीवाने शहर में' की घोषणा पर धनुष ने सकारात्मक टिप्पणी की, जिसके बाद सोशल मीडिया पर दोनों को लेकर कयास तेज हो गए। मृणाल ने फिल्म का टीजर साझा किया था, जिस पर धनुष ने लिखा–'अच्छा लग रहा है।' जवाब में मृणाल ने दिल और सूरजमुखी के इमोजी साझा किए। इसके बाद यह बातचीत सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई और प्रशंसकों ने दोनों को लेकर कई प्रतिक्रियाएँ दीं। हालाँकि, कुछ लोगों ने फिल्म के थीम संगीत को धनुष की पुरानी फिल्म '3' के संगीत से मिलता-जुलता बताया। धनुष इन दिनों अपनी नई फिल्मों की तैयारी में हैं, जबकि मृणाल की आने वाली फिल्मों में 'दो दीवाने शहर में', 'डकैतः ए लव स्टोरी' सहित कई परियोजनाएँ शामिल हैं।

ऑनलाइन उत्पीड़न और सड़क पर छेड़छाड़ की सजा एक जैसी होनी चाहिए-हुमा कुरैशी

अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने कहा है कि महिलाओं के खिलाफ ऑनलाइन उत्पीड़न को लेकर सख्त कानून बनाने की आवश्यकता है। उनका मानना है कि ऑनलाइन अभद्रता और सार्वजनिक स्थान पर छेड़छाड़, दोनों के लिए सजा समान होनी चाहिए। एक चर्चा के दौरान हुमा ने बताया कि सोशल मीडिया पर मिलने वाली आपत्तिजनक टिप्पणियाँ और संदेश न केवल असहज करते हैं, बल्कि यह गंभीर अपराध की श्रेणी में भी आते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के पहनावे, जीवनशैली या निजी पसंद पर टिप्पणी करना सामाजिक रूप से अस्वीकार्य है। हुमा को हाल ही में 'दिल्ली क्राइम 3' और 'महारानी 4' में अपने अभिनय के लिए सराहना मिली है। वे 'जॉली एलएलबी 3' और कई अन्य परियोजनाओं में भी नजर आ चुकी हैं।

प्रियंका चोपड़ा की नम्रता शिरोडकर और सितारा संग तस्वीर वायरल

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान अभिनेता महेश बाबू और उनके परिवार से मिलीं, जिसकी एक नई तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है। तस्वीर में प्रियंका, महेश बाबू की पत्नी नम्रता शिरोडकर, बेटी सितारा और एस.एस. राजामौली के बेटे कार्तिकेय के साथ मुस्कुराती हुई नजर आ रही हैं। यह समूह तस्वीर सितारा ने कार्तिकेय को जन्मदिन की शुभकामनाएँ देते हुए साझा की थी। इसके बाद यह सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। प्रियंका ने हाल ही में एक वीडियो भी साझा किया था जिसमें वह कार्तिकेय के साथ लोकप्रिय गीत 'उर्वशी उर्वशी' पर थिरकती दिखाई दीं। प्रियंका आने वाली बड़ी फिल्म 'वाराणसी' में महेश बाबू के साथ नजर आएँगी। एस.एस. राजामौली निर्देशित यह फिल्म समय-यात्रा आधारित एक्शन-अभियान पर बनी है, जो जनवरी 2027 में प्रदर्शित होगी। फिल्म में प्रियंका 'मंदाकिनी' और महेश बाबू 'रुद्र' की भूमिका निभा रहे हैं।



स्टार किड होना आसान नहीं, अपनी चुनौतियाँ भी साथ आती हैं

मीजान जाफरी

अभिनेता जावेद जाफरी के बेटे और फिल्म अभिनेता मीजान जाफरी ने कहा है कि आम धारणा के विपरीत, फिल्म उद्योग में स्टार किड होने से सफर आसान नहीं हो जाता। उन्होंने बताया कि हर कलाकार की तरह स्टार किड्स को भी अपनी-अपनी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एक बातचीत में मीजान ने कहा कि लोग मान लेते हैं कि स्टार किड्स के लिए सबकुछ सहज होता है, जबकि सच्चाई यह है कि उन पर परिवार की पहचान और अपेक्षाओं का दबाव रहता है। उन्होंने कहा कि कई बार बिना किसी पूर्व बोझ के नए कलाकारों का सफर अपेक्षाकृत सरल हो जाता है। मीजान ने यह भी स्वीकार किया कि फिल्म उद्योग में समूहबद्धता और पसंद-नापसंद की प्रवृत्ति मौजूद है, परंतु हर कलाकार अपने प्रयासों और प्रतिभा के आधार पर ही आगे बढ़ता है। अभिनेता ने 'मलाल', 'हंगामा 2', 'यारियां 2' और 'द मिरांडा ब्रदर्स' जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। हाल ही में उन्हें 'दे दे प्यार दे 2' में अपने अभिनय के लिए सराहना मिली है।

भारत-साउथ अफ्रीका दूसरा टेस्ट

भारत पर फॉलोऑन का खतरा

पंत, नीतीश के बाद जडेजा आउट, साउथ अफ्रीका 331 रन से आगे

गुवाहाटी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट गुवाहाटी में खेला जा रहा है। मुकाबले के तीसरे दिन का दूसरा सेशन जारी है। भारत ने 7 विकेट के नुकसान पर 158 रन बनाए। वॉशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव क्रीज पर हैं। टीम अब भी साउथ अफ्रीका से 331 रन पीछे है। रवींद्र जडेजा 6, नीतीश रेड्डी 10, ऋषभ पंत 7, ध्रुव जुरेल 0, साईं सुदर्शन 15, यशस्वी जायसवाल 58 और केएल राहुल 22 रन बनाकर आउट हुए। साउथ अफ्रीका के लिए साइमन हार्मर और मार्को यानसन ने 2-2 विकेट लिए। केशव महाराज को 1 विकेट मिला। भारत को पारी में अच्छी शुरूआत मिली थी। टीम का दूसरा विकेट 95 रन के स्कोर पर गिरा। लेकिन, इसके बाद 7 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए। 95 के स्कोर पर यशस्वी, 96 पर सुदर्शन और 102 पर जुरेल आउट हुए। साउथ अफ्रीका ने बरसापारा स्टेडियम में शनिवार को टॉस जीतकर बैटिंग चुनी थी। मैच के दूसरे दिन रविवार को टीम पहली पारी में 489 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

क्यू-स्टिक से बदली किस्मतः अनुपमा रामचंद्रन बनीं भारत की पहली महिला स्नूकर विश्व चैंपियन

नई दिल्ली। 23 वर्षीय तमिलनाडु की खिलाड़ी अनुपमा रामचंद्रन ने भारतीय खेल इतिहास में सुनहरा अध्याय जोड़ दिया है। उन्होंने हांगकांग की तीन बार की विश्व चैंपियन ऑन यी को हराकर आईबीएसएफ वर्ल्ड स्नूकर (15-रेड) चैंपियनशिप 2025 जीत ली। यह उपलब्धि इसलिए खास है क्योंकि भारत ने महिला श्रेणी में पहली बार विश्व स्नूकर खिताब पर कब्जा किया है। फाइनल बेहद रोमांचक रहा और अनुपमा ने मुकाबला 3-2 से जीता। निर्णायक फ्रेम में उनका भाग्य भी उनके साथ था। 60-61 के स्कोर पर ऑन यी अंतिम ब्लैक लगाकर जीत सकती थीं, लेकिन उनका शॉट चूक गया और अनुपमा ने यह मौका भुनाते हुए भारत के नाम इतिहास लिख दिया। अनुपमा का जन्म 19 मई 2002 को चेन्नई में हुआ। उनका स्नूकर करियर किसी प्लानिंग से नहीं, बल्कि एक संयोग से शुरू हुआ। सिर्फ 13 साल की उम्र में वे गर्मियों की छुट्टियों में मायलापुर क्लब में एक बिलियड्र्स वर्कशॉप में पहुंचीं और वहीं से उनकी प्रतिभा की चमक दिखाई देने लगी। क्लब के कोचों और परिवार ने समझ लिया था कि यह बच्ची इस खेल के लिए बनी है। दो साल बाद, मात्र 15 वर्ष की आयु में, उन्होंने प्रतिस्पर्धात्मक स्नूकर खेलना शुरू किया।

अजलन शाह कप में भारत का जीत से आगाज, दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराया

नई दिल्ली। मोहम्मद राहील के पहले क्वार्टर में किए गए इकलौते गोल की बदौलत युवा खिलाड़ियों से सजी भारतीय टीम ने रविवार को सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी टूर्नामेंट के पहले मैच में तीन बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया को 1-0 से हरा दिया। भारतीय टीम छह साल के अंतराल के बाद इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भाग ले रही है। मैच के 15वें मिनट में दिलप्रीत सिंह के बनाए मौके को राहील ने गोल में बदल कर टीम का खाता खोला। भारत की जीत में टीम के मिडफील्ड में दबदबे का मुख्य योगदान रहा जिसका श्रेय अभिषेक और टीम के कप्तान संजय को जाता है। ये दोनों खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। भारतीय खिलाड़ियों ने दोनों ओर से लगातार आक्रमण कर कोरिया की रक्षापंक्ति पर दबाव बनाये रखा। मैच के चौथे मिनट में ही टीम ने पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन संजय उसे गोल में बदलने में नाकाम रहे। पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम ने इससे पहले 2019 में इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। तब टीम फाइनल में कोरिया से हारकर उपविजेता रही थी। कोरिया ने दूसरे क्वार्टर में वापसी के लिए जोर लगाया और टीम को इसका फायदा 27वें मिनट में मिला।

सोमवार, 24 नवम्बर राशिफल

मेष राशि के लिए आज सोमवार का दिन बता रहा है कि, कारोबार व्यापार में उतार चढाव की स्थिति रहेगी, धन फंस सकता है। लव लाइफ में आज नई ऊर्जा का संचार होगा। छोटी-छोटी सी बात को लेकर परिवार में आपसी मतभेद हो सकता है।

वृषभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। सप्ताह के पहले दिन भाग्य आपको लाभ का मौका प्रदान करेगा। आज आपको कुछ नए अवसर मिल सकते हैं। भाई-बंधुओं के साथ तालमेल बना रहेगा। सेहत और गृहस्थ जीवन दोनों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।

मिथुन राशि के लिए आज सोमवार का दिन व्यस्तता भरा रहेगा। लेकिन व्यस्तता के बावजूद परिवार के लिए समय निकाल पाएंगे। जीवनसाथी के साथ प्रेम और तालमेल बना रहेगा। कार्यक्षेत्र का माहौल तनावपूर्ण हो सकता है लेकिन सहकर्मियों के सहयोग से काम समय पर पूरा हो जाएगा।

कर्क राशि के जातको के लिए आज का दिन सुखद और अनुकूल बीतेगा। कारोबार व्यापार में आज आपको भाग्य लाभ दिलाएगा। आपको कोई अच्छी डील भी मिलेगी। भाई बहनों के साथ अच्छा समय बीतेगा और रिश्ते मजबूत होंगे। लव लाइफ में आज आपको प्यार और सम्मान मिल सकता है।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा। वाणी और व्यवहार में संतुलन बनाकर चलना होगा। दफ्तर में अधिकारियों से संबंध बेहतर होंगे और आपको प्रोत्साहन और सहयोग मिल सकता है।

कन्या राशि के लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। आज आपके परिवार का माहौल सामान्य रहेगा, जीवनसाथी से आपको आज सहयोग मिलेगा। सेहत आज कुछ नरम गर्म रह सकती है। कार्यक्षेत्र में आज आपको अपने कुछ पेंडिंग काम को निपटाना होगा।

तुला राशि के लिए आज सोमवार का दिन सकारात्मक रहेगा। आपको आज भाग्य सुख और आनंद प्रदान करेगा। बच्चों की ओर से खुशी मिलेगी। संतान से भी आपको आज सहयोग प्राप्त होगा। कई दिनों से चली आ रही कोई परेशानी दूर हो सकती है।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज सोमवार का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। पूर्व में किए गए काम का आपको आज लाभ मिल सकता है। दाम्पत्य जीवन में मधुरता रहेगी। जीवनसाथी के साथ आज आप सुखद समय बिताएगे। कारोबार में आज आपको लाभ मिलेगा।

धनु राशि के जातकों के लिए आज सोमवार का दिन अनुकूल रहेगा। आपके परिवार में आज किसी शुभ काम का संयोग बन सकता है। जीवनसाथी से आज उपहार मिलने की संभावना है। लव लाइफ में आज आप जोश और उत्साह का अनुभव करेंगे।

मकर राशि के जातको के लिए आज सोमवार का दिन अच्छा रहेगा। आपको आज भाग्य कुछ नया ओर रोमांचक करने का मौका प्रदान करेगा। भाई के सहयोग से पारिवारिक व्यवसाय में चल रही समस्या समाप्त होगी। आपको आज ग्रहों की शुभ स्थिति से आर्थिक लाभ मिलेगा।

कुंभ राशि के लिए आज का दिन कार्य में सफलता दिलाने वाला रहेगा। ससुराल पक्ष से आज संबंध मधुर रहेंगे और आपको उनसे अपेक्षित सहयोग मिलेगा। पिता के मार्गदर्शन से कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं का समाधान होगा।

आज का दिन मीन राशि के लोगों के लिए चंद्रमा के गोचर से शुभ रहेगा। आपका कोई जरूरी का आज दोपहर के बाद पूरा हो सकता है। नौकरी में दिन व्यस्तता भरा रहेगा। आपको आज कुछ नया मौका मिल सकता है। नौकरी में बदलाव का विचार मन में आ सकता है।

डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 9425607 52

डॉ. सुशील गुप्ता हुए नीसा इंटरनेशनल लाइफटाइम एजुकेशन आइकन अवार्ड 2025 से सम्मानित

एनएनआई

आगरा। इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में आयोजित डीआईडीएसी इंडिया 2025 ने अपनी कौशल प्रदर्शनी की शुरूआत की है। तीन दिवसीय इस आयोजन में दिल्ली में 19 नवंबर, 2025 को चियर एजुकेशन वर्ल्ड फोरम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे। समाज सेवा से समर्पित लोगों को नीसा इंटरनेशनल एजुकेशन आइकन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया, जिसमें कई हस्तियाँ, शिक्षा, साहित्यकार व खेल जगत से जुड़े व्यक्तित्व सम्मिलित हुए थे। इसी श्रृंखला में एसोसिएशन ऑफ प्रोग्रेसिव स्कूल्स ऑफ आगरा के अध्यक्ष व प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता को नीसा इंटरनेशनल लाइफटाइम एजुकेशन आइकन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। डॉ. गुप्ता को यह सम्मान उनकी अनूठी दृष्टिकोण, परिवर्तनकारी नेतृत्व और शिक्षा के क्षेत्र में दी गई दीर्घकालिक व प्रभावशाली सेवाओं के लिए प्रदान किया गया। पुरस्कार प्रदान करते हुए नीसाध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा ने कहा कि डॉ. सुशील गुप्ता का समर्पण, दृष्टिकोण और विनम्र नेतृत्व आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्तंभ रहेगा। उनकी प्रेरक यात्रा और उनके द्वारा किए गए सुधारों ने अनगिनत विद्यार्थियों, शिक्षकों और शैक्षणिक संस्थानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं व उनकी शिक्षा-संबंधी सोच ने देश और वैश्विक स्तर पर सीखने की नई राहें खोली हैं।

इस उपलब्धि पर डॉ. सुशील ने कहा कि यह सम्मान न केवल मेरी उपलब्धियों की पहचान है, बल्कि निजी विद्यालयों और संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था के उत्थान में उनके अविस्मरणीय योगदान की अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता भी है। उन्होंने आगे कहा कि यह पुरस्कार मुझे और अधिक मेहनत करने और शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित करेगा।

इस अवसर पर डोमिनिक सैवेज (चेयर-एजुकेशन वर्ल्ड फोरम, इंग्लैंड), श्री बी.आर. शंकरानंद जी (नेशनल ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी-भारतीय शिक्षण मंडल), डॉ. एन.पी. सिंह (चेयरमैन, भारतीय शिक्षा बोर्ड), डॉ. कुलभूषण शर्मा (नीसाध्यक्ष) व नीसा के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बाह में 1435.42 लाख रुपए की लागत से बनेगा राजकीय महाविद्यालय

- राजकीय महाविद्यालय से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को मिलेगी गुणवत्ता परक शिक्षाः योगेंद्र उपाध्याय
- अब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए नहीं आना होगा सुदूर क्षेत्र

एनएनआई

आगरा। आगरा जनपद से 70 किलोमीटर दूर बाह विधानसभा के बटेश्वर सिधावली में राजकीय महाविद्यालय का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्मस्थली बटेश्वर के नजदीक सिंघावली में 1435.42 लाख की लागत से बहु मंजिला राजकीय महाविद्यालय बनाया जाएगा। इस महाविद्यालय के बनने से ग्रामीण क्षेत्र के उन हजारों छात्रों को लाभ मिलेगा जो अभी तक उच्च शिक्षा के लिए आगरा आना पड़ता था। स्थानीय विधायक रानी पक्षालिका सिंह के साथ कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से राजकीय महाविद्यालय की नींव रखी। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर होने की वजह से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए अभी तक आगरा के अलावा अन्य जनपदों में जाना होता था।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में उच्च शिक्षा के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्मस्थली के नजदीक राजकीय महाविद्यालय बनने से उच्च शिक्षा के नए आयाम खुलेंगे जिससे शिक्षा का प्रचार और विस्तार होगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा प्रदेश की योगी सरकार हर क्षेत्र के सतत विकास के लिए संकल्पित है। आज प्रदेश में निजी विश्वविद्यालय के साथ सरकारी विश्वविद्यालय रैंकिंग में नया कीर्तन बना रहे हैं। अब प्रदेश में पिछली सरकारों की तरह नकल और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होती है। युवाओं को रोजगार परक सस्ती और सुलभ गुणवत्ता परक शिक्षा देना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, विधायक रानी पक्षालिका सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता और उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी स्थानीय लोग मौजूद रहे।

रेलवे को माल ढुलाई से 331.89 करोड़ रुपये की आय अर्जित

254.63 करोड़ रुपये की तुलना में आय में 30.34 प्रतिशत की वृद्धि



एनएनआई

आगरा। उत्तर मध्य रेलवे आगरा मंडल द्वारा निरंतर सर्वोत्तम प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही रेल राजस्व में वृद्धि हेतु सतत प्रयत्नशील है। मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री गगन गोयल के मार्गदर्शन में आगरा रेल मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के माह अप्रैल से अक्टूबर की अवधि में माल ढुलाई से 331.89 करोड़ रुपये की आय अर्जित कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह आय पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि (अप्रैल से अक्टूबर) में प्राप्त 254.63 करोड़ रुपये की तुलना में 30.34 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

माल ढुलाई आय में इस प्रगतिशील वृद्धि का श्रेय मंडल द्वारा अपनाई गई प्रभावी नीतियों, ग्राहक उन्मुख सेवाओं, सुविधाजनक लॉजिस्टिक समाधान, समयबद्धता तथा परिवहन क्षेत्र में नवाचार को जाता है। आगरा मंडल द्वारा विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों, व्यापारिक संस्थानों एवं कृषक समुदाय के लिए सहज एवं सुरक्षित परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिसके फलस्वरूप माल ग्राहकों का विश्वास निरंतर मजबूत हुआ है। यह उपलब्धि मंडल द्वारा बेहतर व्यावसायिक रणनीति, कुशल संचालन, समयबद्ध वितरण, ग्राहक केंद्रित सेवाओं तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं औद्योगिक इकाइयों के साथ सुदृढ़ समन्वय का परिणाम है। मंडल द्वारा विभिन्न माल ग्राहक संपर्क अभियानों एवं लॉजिस्टिक सुविधाओं के माध्यम से नए व्यवसायिक अवसरों को आकर्षित करने में सफलता प्राप्त की गई। रेलवे ने व्यापार करने में आसानी के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी कीमतों पर सेवा वितरण में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। कम कीमत पर बढ़िया सेवा देने का प्रयास किया गया है कुशल नीति निर्माण द्वारा समर्थित ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण और व्यवसाय विकास इकाइयों के कारण रेलवे को यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने में मदद मिली है।